

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 23 जुलाई 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, शुक्ल पक्ष षष्ठी, मूल्य, 2.00 रुपए




## खबर एक्सप्रेस

### अग्रवाल महाविद्यालय में अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस मनाया

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में शनिवार को गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से अप्रोक्सीमेशन पाई दिवस मनाया गया। पाई एक वृत की परिधि और व्यास के बीच के संबंध को दर्शाता है। पाई का मान 22/7 होने के कारण हर साल 22 जुलाई को पाई अप्रोक्सीमेशन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. केएल कौशिक ने पाई का महत्व बताते हुए कहा कि पाई एक पारलौकिक संख्या है। जिसका दशमलव प्रतिनिधित्व कभी समाप्त नहीं होता है। इस दिवस पर गणित विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को पाई दिवस का इतिहास ,महत्वपूर्णता एवं मनोरंजक गतिविधियों पर वीडियो बनाकर दिए हुए लिंक पर प्रेरित करना था। जिसमे अग्रवाल महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष की साक्षी ने प्रथम स्थान, इंद्रप्रस्थ कॉलेज ऑफ वूमेन दिल्ली यूनिवर्सिटी बीएससी मैथ ऑनर्स द्वितीय की सिमरन शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा हिंदू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय की बीएससी ऑनर्स जीव विज्ञान की सविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. ममता ठाकुर आयोजन सचिव तथा नेहा गोयल समन्वयक रही। इस अवसर पर गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गण डॉ. गीता त्रिपाठी, रेनू बाला, राजेश, मनीष एवं ललिता उपस्थित रहे।